Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में नगर निगम, दक्षिण के वार्ड सफाई प्रभारी को 6 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *29 अप्रैल।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की जोधपुर ग्रामीण इकाई द्वारा आज गुरूवार को जोधपुर में कार्यवाही करते हुये नगर निगम, जोधपुर दक्षिण के सफाई प्रभारी, वार्ड नं0 44–45 सुरेन्द्र बारासा को परिवादी से 6 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. जोधपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि कोरोना गाईड लाइन की पालना नहीं करने पर मैरिज गार्डन सीज करने का भय दिखाकर नगर निगम, जोधपुर दक्षिण के सफाई प्रभारी, वार्ड नं0 44–45 सुरेन्द्र बारासा द्वारा 10 हजार रुपये की राशि रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की जोधपुर ग्रामीण इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भोपाल सिंह लखावत** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री अमराराम खोखर** एवं उनकी टीम के द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये सुरेन्द्र बारासा पुत्र श्री जवरीलाल बारासा निवासी खसरा सं. 14/01, नवदुर्गा नगर, झालामण्ड, जोधपुर हाल सफाई प्रभारी, वार्ड नं0 44–45, नगर निगम, जोधपुर दक्षिण को परिवादी से 6 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।